Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 10-05-2005

Participants : Govinda Shri

Title: Need to provide additional dwelling units and civic amenities to the people living in slums under S.R.A Scheme in Mumbai, Maharashtra.

श्री गोविन्दा (मुम्बई-उत्तर) : अध्यक्ष महोदय, देश की आर्थिक राजधानी, विश्व की जानी मानी और देश को साठ हजार करोड़ का कर प्रदान करने वाली मुम्बई, जहां लोग काम, मान सम्मान सब पाते हैं और यहां बस जाते हैं। कभी इमारतों में तो कभी भीड़ से भरी बेकारी, बीमारी और लाचारियों से भरी बस्तियों में, जो कि शहर की सुंदरता पर काला तिल है, जो बढ़ता चला जा रहा है।

मेरी ये इल्तजाह है, मुम्बई से प्राप्त दौलत के बदले अगर सरकार दौलत न दे तो कम से कम सोहलत दे दे।

एस.आर.ए. स्कीम में जो बिल्डिंगें बन रही हैं, उनकी सहूलियतों के और भी कायदे लाये जायें ताकि गरीब, बिल्डर का पार्टनर बन जाये। सरकार मददगार हो जाए, तो कैसे मुमकिन नहीं है कि शहर की शक्ल न बदले। क्योंकि शहर की सीरत तो बड़ी अच्छी है, सूरत अभी बदलनी है। तकदीर बनाने वाले शहर की खुद की तकदीर आज भी संवरनी है।

है जुस्तजु कि खूब से खूबतर कहां,

अब देखिए, ठहरती है जाकर नजर कहां।